# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर–272202 उ०प्र०(भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक– 071 / कु०स०का० / सि०वि०वि० / 2025 दिनांक–29–10–2025

सेवामें,

1. डॉ० सुनीता त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति,
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (परिसर) कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
   सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

**विषय :–** **अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ०प्र०, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 30–09–2025 को मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अन्तर्गत "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड की जा रही कार्यवाही की समीक्षा से सम्बन्धित आयोजित वर्चुअल गोष्ठी का कार्यवृत्त में दिये गये निदेशो के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ के पत्र संख्या–2733 / सत्तर–1–2025–1860229 दिनांक 17–10–2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (छाया प्रति संलग्न)

अतः उपरोक्त के क्रम में संलग्न पत्र के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–** यथोपरि।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक– / तददिनांकित।

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा० कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

<u>संख्या- 2733 /सत्तर-3-2025-1860229</u>

प्रेषक,

**प्रेम कुमार पाण्डेय,**
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ०प्र०,
प्रयागराज।
2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ०प्र०।
3. **उप निदेशक,**
राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान,
लखनऊ।
4. **अपर सचिव,**
उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्,
लखनऊ।
5. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उ०प्र०।

<u>उच्च शिक्षा अनुभाग-3</u> <u>लखनऊ: दिनांक 17 ~~सितम्बर,~~ अक्टूबर 2025</u>

**विषय- अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ०प्र०, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 30.09.2025 को मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड की जा रही कार्यवाही की समीक्षा से सम्बंधित आयोजित वर्चुअल गोष्ठी का कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के अनुपालन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पुलिय उपाधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ०प्र०, लखनऊ के पत्र सख्या-वी0पा0ला0-एचसीव13/2023।7382, दिनांक 04.10.2025 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो दिनांक 30-09-2025 को अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संघठन, उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त है,में कतिपय दिशा-निर्देश दिये गये है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त संदर्भित पत्र में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

<u>**संलग्नक-यथोक्त।**</u>

Digitally signed by
PREM KUMAR PANDEY
Date: 17-10-2025
15:29:16

**(प्रेम कुमार पाण्डेय)**
संयुक्त सचिव।

<u>**संख्या एवं दिनांक तदैव।**</u>

प्रतिलिपि डॉ0 मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवायोजना कोष्ठक , उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति एवं डॉ0 अजीत कुमार सिंह, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज/ नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
**(प्रेम कुमार पाण्डेय)**
संयुक्त सचिव।

सं0- 2733/70-3-2025

दिनांक 30.09.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड की जा रही कार्यवाही की समीक्षा से सम्बंधित आयोजित वर्चुअल गोष्ठी का कार्यवृत्तः-

संख्या 3071/PSHED/2025
दिनांक 8/10/25

प्रतिभागीगणः-

- श्री सुभाष चन्द्र दुबे, पुलिस महानिरीक्षक।
- श्रीमती वृन्दा शुक्ला, पुलिस अधीक्षक (वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से)।
- समस्त नोडल अधिकारी, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/ग्राम्य विकास/पंचायती राज/नगर विकास/ युवा कल्याण/राजस्व/महिला कल्याण/संस्कृति/सूचना एवं जनसम्पर्क/औद्योगिक विकास/ परिवहन एवं न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन (वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से)।
- समस्त पुलिस विभाग के जनपदीय नोडल अधिकारी (वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से)।
- श्रीमती रूकमणी वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध।
- श्री हितेन्द्र कृष्ण, पुलिस उपाधीक्षक, अपराध।
- सुश्री प्रियंका यादव, पुलिस उपाधीक्षक, 1090।
- श्री विनोद कुमार यादव, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय।
- श्री गंगेश त्रिपाठी, प्रभारी मिशन शक्ति सेल।
- श्री राजेश कुमार, तकनीकी सहायक, "मिशन शक्ति पोर्टल"।

5522/VS(T)/2025
JS/SO-3
09.10.2025
(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रदेश भर की महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारंभ दिनांक 22.09.2025 को किया गया जिसमें गृह विभाग के विभिन्न विभागों के समन्वय से अभियान को चलाया जा रहा है। अभियान को सफल एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु मुख्यालय WCSO को नोडल एजेंसी के रूप में रखा गया। विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग के समस्त जनपदों द्वारा "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड की गयी कार्यवाही की समीक्षा के उपरान्त निम्नांकित दिशा-निर्देश दिये गयेः-

(एम0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

- "मिशन शक्ति पोर्टल" की निगरानी/अनुश्रवण से पाया गया कि प्रदेश के कुछ जनपदों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 को प्राथमिकता से नहीं लिया जा रहा है प्रदेश के कुछ जनपदों द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बहुत ही निम्नतर कार्यवाही की गयी है। जबकि यह अभियान गृह विभाग की शीर्ष प्राथमिकता में से एक है। अतः निम्न स्तर की कार्यवाही कराने वाले प्रदेश के बॉटम-20 जनपदों को निर्देशित किया जाता है कि मिशन शक्ति अभियान के प्रथम 10 दिवस के कैलेंडर के अनुसार कार्यवाही करते हुए Backlog की कार्यवाही का विवरण भी "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

74/S(AT)/25
VS(AICT)

(अमृत त्रिपाठी)
सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

- "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड की जा रही प्रत्येक फोटो एवं वीडियो अलग-अलग Events की होनी चाहिए और उन प्रत्येक फोटो एवं वीडियो पर Events का पूर्ण विवरण (Desription) का उल्लेख किया जाना सुनिश्चित करें। (यथा- स्थान,दिनांक, समय, प्रतिभागियों की संख्या, Events किस कार्यक्रम से सम्बंधित है आदि)
- मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत की गयी कार्यवाही को विभिन्न विभागों एवं समस्त जनपदों के नोडल अधिकारियों द्वारा मिशन शक्ति पोर्टल पर फोटो, वीडियो एवं प्रेस कटिंग अपलोड की जा रही है जिसे पूर्व में पुलिस विभाग के समस्त जनपदों के नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन 10 फोटो, 02 वीडियो तथा 05 प्रेस कटिंग निर्धारित

श्री कमिश्नर
10.10.2025

की गयी थी जिसे अब बढ़ाकर प्रतिदिन 20 फोटो, 05 वीडियो एवं 10 प्रेस कटिंग कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही को सभी नोडल अधिकारी शीर्ष प्राथमिकता पर कराना सुनिश्चित करें।

- विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग द्वारा जो कार्यवाहियाँ बड़े और भव्य स्तर पर आयोजित की जा रही हैं समय से उनका प्रेस नोट तथा सम्बंधित फोटो एवं वीडियो अपराह्न 03.00 बजे तक इस संगठन को भेजना सुनिश्चित करें ताकि केन्द्रित रूप से आपके द्वारा किये गये कार्य को Hindi व English समाचार पत्रों के मुख्य एडीशन्स में प्रसारित कराया जा सके।
- मिशन शक्ति-5.0 अभियान का शुभारंभ दिनांक 22.09.2025 को हुआ तब से निरंतर विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों द्वारा "मिशन शक्ति पोर्टल" पर प्रतिदिन की कार्यवाही अपलोड की जा रही है एवं "मिशन शक्ति पोर्टल" पर एक Option Backlog का भी दिया गया है जिसके माध्यम से आप तैयार 10 दिवस के कैलेंडर के अनुसार उस दिवस की कार्यवाही का विवरण भी अपलोड कर सकते हैं। अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि कैलेंडर के अनुसार Backlog की कार्यवाही निर्धारित मानक में "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
- पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद से प्रतिदिन 01 Success Story का विवरण भी इस मुख्यायल के ई-मेल या Whatsapp Group पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें जिसमें किसी महिला या बालिका ने स्वयं पर घटित होने वाले किसी अपराध के दौरान स्वयं के बचाव में बहादुरी दिखाई या संकट का डटकर सामना किया हो ताकि विभिन्न विभागों के समन्वय से उस महिला या बालिका को सहायता पहुंचाकर प्रदेश भर की अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक कर सशक्त बनाया जा सके।
- विभिन्न विभागों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत प्रथम 10 दिवस के कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही कराते हुए प्रतिदिन न्यूनतम 50 फोटो, 10 वीडियो तथा 20 प्रेस/पेपर कटिंग "मिशन शक्ति पोर्टल" पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।
- पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों को मिशन शक्ति केंद्र से सम्बंधित जो SOP प्रेषित की गयी है उस SOP को सभी नोडल अधिकारी ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रदेश के समस्त जपनदों के समस्त थानों में मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त सभी कर्मियों को जनपद की पुलिस लाइन में एकत्रित करके SOP में वर्णित मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह अवगत कराना सुनिश्चित करें।
- सभी पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी तथा मिशन शक्ति के विभागों के नोडल अधिकारियों को "मिशन शक्ति पोर्टल" का लॉगिन दिया गया है ताकि प्रतिदिन की कार्यवाही की फोटो, वीडियो तथा प्रेस की कवरेज को पोर्टल पर अपलोड किया जाये। कुछ विभाग एवं नोडल अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के पश्चात भी यह कार्यवाही समुचित ढंग से नहीं की जा रही है।
- "मिशन शक्ति पोर्टल" पर कार्यवाही का विवरण अपलोड करने में या अन्य कोई समस्या आ रही है तो वह "मिशन शक्ति पोर्टल" के तकनीकी सहायक श्री राजेश कुमार Contact No-9451002814 पर सम्पर्क कर सकते हैं या मुख्यालय WCSO के किसी भी अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।
- मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान की गतिविधियों का मीडिया तथा सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है इसलिए आप सभी अपने स्तर पर भी इसका अधिक से अधिक प्रचार करायें।

- मिशन शक्ति फेज-5.0 की आगामी समीक्षा गोष्ठी दशहरा के पश्चात आयोजित की जायेगी। उक्त गोष्ठी में सभी विभाग मिशन शक्ति के प्रथम 10 दिवस के कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही करते हुए Backlog की कार्यवाही भी पूर्ण करके गोष्ठी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्र संख्याः- वी0पा0ला0-एचसी-व-13/2023 / 7382
दिनांकःअक्टूबर 04,2025

03.10.25

(विनोद कुमार यादव)
पुलिस उपाधीक्षक
महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन/1090,
उ0प्र0, लखनऊ।

<u>प्रतिलिपिः-</u> अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ को कृपया सादर सूचनार्थ।

<u>प्रतिलिपिः-</u> निम्नांकित को कृपया सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/ग्राम्य विकास/पंचायती राज/नगर विकास/ युवा कल्याण/राजस्व/महिला कल्याण/संस्कृति/सूचना एवं जनसम्पर्क/औद्योगिक विकास/ परिवहन एवं न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन ।
2. पुलिस आयुक्त, समस्त कमिश्नरेट, उ0प्र0।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद/जी0आर0पी0, उ0प्र0।